>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Supaul Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल की जनहित की समस्या के बारे में एक मामला उठाना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र नेपाल की सीमा से लगा हुआ है और उस क्षेत्र में अभी तक एक भी केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की गयी है। केन्द्रीय कर्मचारियों एवं रेलवे अधिकारियों व रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के पठन-पाठन के लिए कोई दूसरा विद्यालय नहीं है, इससे पठन-पाठन प्रभावित होता है। साथ ही साथ केन्द्रीय विद्यालय संगठन से भी विवेकाधीन कोटे के तहत नामांकन के लिए जो कूपन मिलता है, वह भी क्षेत्र में विद्यालय न होने के कारण उपयोग नहीं हो पाता है, नहीं तो दूसरे विद्यालयों में तत्काल ये सुविधाएं दिलायी जाएं। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र, जो बहुत पिछड़ा हुआ है एवं कोसी नदी की बाढ़ से प्रभावित रहता है में बेहतर शिक्षा हेतु केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें। इसी तरह बहुत से ऐसे संसदीय क्षेत्र हैं, जहां पर हमारे माननीय सदस्यों के क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय नहीं रहने के कारण, वे भी इस लाभ से वंचित रहते हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए।